# निवेश का नया पावर हाउस बन रहा है उत्तर प्रदेश : दीपक कुमार

**राज्य ब्यूरो, जागरण● लखनऊ :** अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त (आइआइडीसी) दीपक कुमार ने कहा है कि उत्तर प्रदेश निवेश का नया पावर हाउस बन रहा है। नई दिल्ली में शनिवार को आयोजित ग्लोबल बिजनेस समिट को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बेहतर कनेक्टिविटी, विशाल उपभोक्ता आधार और सुदृढ़ कानून-व्यवस्था के तीन स्तंभों के दम पर उत्तर प्रदेश एक ट्रिलियन-डालर की अर्थव्यवस्था के संकल्प को साकार करने की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है।



उत्तर प्रदेश की 16 प्रतिशत की विकास दर वर्तमान में राष्ट्रीय औसत से काफी आगे है। उत्तर प्रदेश के पास निवेश के लिए इंटेंट (मंशा) और कंटेंट (संसाधन) दोनों उपलब्ध हैं। आइआइडीसी ने रक्षा औद्योगिक गलियारे की प्रगति का जिक्र करते हुए कहा कि इसके छह नोड्स पर अत्याधुनिक हथियारों का निर्माण युद्ध स्तर पर जारी है। वर्तमान में भारत के लगभग 65 प्रतिशत मोबाइल फोन और 55 प्रतिशत इलेक्ट्रानिक कंपोनेंट्स का उत्पादन उत्तर प्रदेश में हो रहा है। राज्य के पास निवेशकों के लिए 75,000 एकड़ का लैंड बैंक तैयार है। समिट के दौरान इन्वेस्ट यूपी के पवेलियन में निवेशकों ने निवेश संबंधी जानकारी ली।